54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 12.3°c अधिकतम 26.7 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:54, सूर्यास्त - 6:12 | वर्ष : 54/ अंक : 50 | शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, तृतीया | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

अपने बीते हुए उस वक्त को भूल जाओ, जो तुम्हें तकलीफ देता है, पर वो मत भूलो कि उस वक्त ने तुम्हें सिखाया क्या है?

**चोटी खींचने का पाप तो ब्रजेश पाठक को भी लगेगा, क्योंकि वो सरकार का हिस्सा हैं : शिवपाल यादव**



गणित तो ठीक है....लेकिन भावनाएं भी मूल्य रखती हैं...

# 80 करोड़ की ठगी, विदेश तक फैला जाल, 6 गिरफ्तार

## कमीशन के आधार पर बैंक खाते व सिम कार्ड उपलब्ध कराते थे | आरोपियों पर 100 से अधिक साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज

**मुजफ्फरनगर/बुढ़ाना, 19 फरवरी (बु.)।** पुलिस ने 80 करोड़ से अधिक की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के छह शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे अपने साथियों को कमीशन के आधार पर बैंक खाते व सिम कार्ड उपलब्ध कराते थे। देश के कई राज्यों में उनके खिलाफ 100 से अधिक साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज है। पुलिस ने उनके पास से मोबाइल, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित आनलाईन पोर्टल, प्रतिबिम्ब पार्टल पर एक शिकायत दर्ज हुई थी। शिकायत में महाराष्ट्र के एक व्यक्ति से फर्जी पॉर्टल के माध्यम से साइबर ठगी गयी थी। साइबर ठगी का पैसे जनपद के फुगाना थाना क्षेत्र के अक्षय के बैंक खाते से निकाला गया था। इसी आधार





पर फुगाना पुलिस व साइबर क्राइम थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच पड़ताल की। जांच के आधार पर पुलिस टीम ने अक्षय निवासी फुगाना, हर्ष आर्य निवासी गांव सिकन्दरपुर थाना भोपा, भव्यांश निवासी बेलड़ा थाना भोपा, सचिन निवासी नई बस्ती नंदग्राम जनपद गाजियाबाद, हरेन्द्र निवासी तुगलकपुर थाना खानपुर हरिद्वार व आर्यन निवासी गांधीनगर थाना नई मंडी को गिरफ्तार किया गया है। उनके गैंग में शामिल राजा निवासी गांव करौदा महाजन थाना फुगाना व अनुराग निवासी गाजियाबाद फरार है। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। इस गैंग ने देश के राज्य महाराष्ट्र,दिल्ली, गुजरात, तमिलनाडु व केरल अपने साथियों के साथ 80 करोड़ से अधिक की साइबर ठगी की है। गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे अपने साथियों को साइबर ठगी के लिए कमीशन बेस पर बैंक खाते व सिम कार्ड उपलब्ध कराते थे।

### ये सामान हुआ बरामद

**मुजफ्फरनगर।** गिरफ्तार आरोपियों के पास से 9 मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड, 2 पैन कार्ड, 1 आधार कार्ड, 2 चैक बुक, 1 पास बुक, 7 फिनो बैंक की प्रीएक्टीवेटेड किट, 01 बैग, 01 माऊस, 01 वाई-फाई राउटर, कनेक्टिंग केबिल, 1 मोनिटर, 1 सीपीयू, 01 प्रिन्टर व 5610 रुपए नकद बरामद किए गए है। आरोपियों के बैंक खातों में दो माह के भीतर 30 लाख रुपए ट्रांसफर हुए थे।



### आरोपी एक साल से कर रहे थे साइबर अपराध

**मुजफ्फरनगर।** एसपी देहात ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पिछले एक साल से साइबर अपराध कर रहे थे। उनके मोबाइल से देश व विदेश में बैठे उनके साथियों के नम्बर पुलिस को मिले है। पुलिस आरोपियों के मोबाइल से मिले बैंक खातों की डिटेल भी प्राप्त कर रही है। जल्द ही उनके साथियों पर शिंकजा कसा जाएगा। गिरफ्तार आरोपी ग्रेजुएट है। आसानी से लोगों से खाते लेकर मोटी कमाई कर रहे थे। साइबर अपराध करने वाले आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

### मोबाइल में मिली 150 बैंकों की डिटेल

**मुजफ्फरनगर।** एसपी देहात ने बताया कि गिरफ्तार साइबर ठगों से बरामद हुए मोबाइलों की जांच की गयी तो उनके मोबाइलों में 150 से अधिक बैंक खातों की डिटेल मिली है। इन बैंक खातों से विभिन्न राज्यों में 100 से अधिक साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज हैं। बरामद फोनों से ठगों ने बैंक खातों में 2 माह में करीब 30 लाख रुपए का लेन देन किया। शेष अन्य खातों की जांच शुरू हो गयी है। पुलिस को जानकारी मिली कि इस गैंग में अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### भोले भाले लोगों से लालच देकर लेते थे बैंक खाते

**मुजफ्फरनगर।** गिरफ्तार आरोपी भोले भाले लोगों को पैसों का लालच देकर, बैंक खाते, सिम कार्ड, आधार कार्ड व पैन कार्ड लेते थे। आरोपी देश व विदेश में साइबर अपराध करने वाले लोगों को फर्जी सिम कार्ड व बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। उसके बाद उनके बैंक खातों में साइबर ठगी का पैसा पहुंचता था। कुछ पैसे को एटीएम के जरिए निकाल लेते थे और कुछ पैसा चैक बुक पर फर्जी तरीके से हस्ताक्षर कर बैंक से निकाल लेते थे। आरोपी साइबर फ्राड के जरिए आए पैसे को निकालकर अपना कमीशन काटकर देश विदेश में बैठे साइबर ठगों को वापस उनके बताए बैंक खातों में ट्रांसफर कर देते थे। आरोपी ने खुद भी कई बैंकों में अपने खाते खुलवा रखे थे।

# नई मंडी समिति पर 3.86 करोड़ रुपये बकाया, 8 विभाग बड़े बकायेदार

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** राजस्व वसूली में पिछड़ी पालिका ने वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में अब बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पालिका ने 8 सरकारी विभागों को हाउस और वॉटर टैक्स जमा करने के लिए नोटिस भेजा है। इन विभागों पर 5.81 करोड़ रुपए से अधिक का हाउस और वॉटर टैक्स बकाया है। सबसे अधिक बकाया मंडी समिति और पुलिस लाइन पर बताया गया है।

शासन स्तर से नगर पालिका के राजस्व वसूली में बढ़ोत्तरी की कवायदों के बीच अब पालिका को 31 मार्च तक करीब 13.80 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया है। नगर पालिका ने अभी तक 56 प्रतिशत वसूली की है। नगर पालिका कर विभाग के अनुसार मंडी

**पंजाब नेशनल बैंक की शाखा पर 29 लाख रुपए किराया बकाया**

समिति पर करीब 3.86 करोड़, पुलिस लाइन पर 98 लाख, विकास भवन पर 35 लाख, आयकर पर 70 हजार, तहसील सदर पर 19 लाख, जिला चिकित्सालय पर 32.50 लाख, लोक निर्माण पर 9 लाख और तहसील के रिकार्ड रूम पर 1.20 लाख रुपए हाउस और वॉटर टैक्स बकाया है। इन विभागों को पालिका द्वारा नोटिस जारी किया है। इसके अलावा भोपा रोड स्थित इवान अस्पताल ने 7.30 लाख, प्लासा ने 8.50 लाख, ग्रैंड प्लाजा मॉल ने 8.50 लाख और वर्धमान अस्पताल ने 4.70 लाख हाउस टैक्स व वॉटर टैक्स जमा कराया है। शिवचौक पर स्थित पीएनबी बैंक की शाखा पर करीब 29 लाख रुपएऔरं गांधी आश्रम पर भी करीब 7.50 लाख रुपए किराया बकाया है।

नगर पालिका के कर विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों की अभी एसआईआर में ड्यूटी लगी है, जिस कारण हाउस और वॉटर टैक्स की वसूली नहीं हो पा रही है। चेयरपर्सन ने एसआईआर के साथ टैक्स वसूली करने के निर्देश दिए हुए हैं। टैक्स वसूली के कार्य में लापरवाही करने पर दो राजस्व निरीक्षक अमरजीत और अमित कुमार के जनवरी माह के वेतन पर रोक लगाई गई है।

इन्होंने कहा-



"पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि शासन स्तर से तय राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे है। नगर क्षेत्र में 8 सरकारी विभागों पर करीब 5.81 करोड़ रुपए का हाउस और वॉटर टैक्स बकाया है। इन्हें समय से टैक्स जमा कराने के लिए नोटिस भेजा गया है।"

### सोना आज 3151 महंगा हुआ, चांदी एक दिन में 8,432 महंगी

**नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसी)।** सोना-चांदी के दाम में आज 19 फरवरी को लगातार दूसरे दिन तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,151 रुपए बढ़कर होकर ?1.55 लाख पहुंच गया है। वहीं, एक किलो चांदी 8,432 रुपए बढ़कर 2.45 लाख पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 21,540 और चांदी 14,810 महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था।

### अंसारी रोड पर नाले में मिला बेहोश युवक

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत अंसारी रोड पर उस समय हड़कंप मच गया, जब स्थानीय लोगों ने एक युवक को नाले में अचेत अवस्था में पड़ा देखा। आनन-फानन में सूचना स्वास्थ्य विभाग और पुलिस को दी गई। गुरुवार को अंसारी रोड पर राहगीरों ने नाले में एक युवक को गिरा हुआ पाया। युवक पूरी तरह बेहोश था और हिल-डुल नहीं रहा था। स्थानीय नागरिकों की सक्रियता से तुरंत 108 एम्बुलेंस को कॉल किया गया। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से युवक को निकालकर तत्काल जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने युवक का प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार, प्राथमिक उपचार के बाद अब युवक की हालत स्थिर है। गफलत के कारण युवक फिलहाल अपना नाम या पता बताने की स्थिति में नहीं है, जिस वजह से उसकी पहचान नहीं हो पाई है। मामले की जानकारी थाना सिविल लाइन पुलिस को दे दी गई है।



# परासौली चौकी इन्चार्ज एवं सिपाही को सस्पेंड, समझौता कराने की एवज में पैसा मांगने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** बुढ़ाना थाना क्षेत्र में समझौता कराने की एवज में पैसा मांगने पर शिकायत पर एसएसपी ने परासौली चौकी इंचार्ज व सिपाही को सस्पेंड कर दिया है। एसएसपी ने शिकायत मिलने पर मामले की जांच एसपी देहात को सौंपी थी। एसपी देहात की रिपोर्ट दर्ज पर कार्रवाई करते हुए विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। कुछ दिन पूर्व परासौली चौकी पुलिस को डायल 112 के माध्यम से विवाद की सूचना मिली थी। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। एसएसपी संजय कुमार वर्मा को शिकायत मिली कि समझौता नामे को मानने के लिए पुलिस द्वारा पैसों की डिमांड की जा रही है। एसएसपी ने शिकायत मिलने पर मामले की जांच एसपी देहात आदित्य बंसल को सौंपी थी। एसपी देहात ने गुरुवार को जांच रिपोर्ट एसएसपी को सौंपी। एसपी देहात की रिपोर्ट में परासौली चौकी इंचार्ज रिंकू सिंह व सिपाही राजकुमार द्वारा पैसों की मांग के आरोप सही पाए गए। एसएसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। एसएसपी ने बताया कि पैंसे मांगने की शिकायत पर परासौली इंचार्ज व एक सिपाही को सस्पेंड किया जाएगा। एसएसपी ने सख्त लहजे में कहा कि भष्ट्राचार की शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी।





### ईरान के चारों ओर अमेरिकी सेना ने उतारे फाइटर जेट्स, जल्द हो सकता है हमला

**नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपित ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए क्षेत्र में एफ-22 रैप्टर और एफ-35 लाइटनिंग जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का विशाल बेड़ा तैनात कर दिया है। दरअसल, एक ओर जहां जिनेवा में कूटनीतिक बातचीत जारी है, वहीं दूसरी ओर अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई की तैयारियां तेज कर दी हैं। अमेरिका ने जॉर्डन और सऊदी अरब के सैन्य अड्डों पर मारक क्षमता को कई गुना बढ़ा दिया है। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि समझौता विफल होता है, तो परिणाम गंभीर होंगे। ट्रंप ने सोमवार को चेतावनी देते हुए कहा था कि मुझे नहीं लगता कि वे समझौता न होने के परिणामों को भुगतना चाहते हैं।

**दूसरा रोजा - 20-02-2026**

| सुन्नी | इफ़तार | शिया |
|---|---|---|
| 6:13 | | 6:27 |

**रमजान- 2026**

**तीसरा रोजा - 21-02-2026**

| सुन्नी | सहरी | शिया |
|---|---|---|
| 5:31 | | 5:33 |





हाजी अकरम कुरैशी
अध्यक्ष- नगर पंचायत, शाहपुर

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)। मीरापुर क्षेत्र के नंगला खेपड़ गांव में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पहुंचे मृतका के परिजनों ने दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, नंगला खेपड़ निवासी विनीत पुत्र बिट्टू की शादी 3 जुलाई 2025 को मेरठ के बहसूमा निवासी संजय पुत्र परमा की बेटी ऋतु से हुई थी। गुरुवार सुबह पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो बाद में विवाद में बदल गई। विवाद के बाद विनीत घर से बाहर चला गया, और उसके परिजन भी मजदूरी के लिए निकल गए। इसी दौरान नवविवाहिता ऋतु ने घर में फांसी लगा ली। जब विनीत और उसके परिजन वापस लौटे, तो वे ऋतु को बहसूमा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को वापस गांव लाया गया। किसी ने मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर जब मृतका के परिजन गांव पहुंचे, तो उन्हें आता देख विनीत सहित उसके ससुराल पक्ष के लोग घर से फरार हो गए। मृतका के पिता संजय पुत्र परमा ने मीरापुर थाने में तहरीर दी है। उन्होंने अपने दामाद (पति), सास, ससुर, भाई और एक अन्य व्यक्ति पर अतिरिक्त दहेज के लिए उनकी बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



# बहू ने शारीरिक संबंध नहीं बनाए तो ससुर ने कर दी हत्या

**शामली, 19 फरवरी (बु.)।** शारीरिक संबंध नहीं बनाने पर ससुर ने बहू की हत्या कर दी। इसके बाद सबूत मिटाने में पति ने भी अपने पिता का साथ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को चारपाई पर महिला का शव मिला।

**ससुर और पति गिरफ्तार, पहले ब्वॉय फ्रेंड को बुलाकर मिलवाया**

11 फरवरी को हुई हत्या में गुरुवार (आज) को पुलिस ने ससुर और पति को गिरफ्तार कर लिया। पहले तो दोनों पुलिस को गुमराह करते रहे। लेकिन, जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, तो दोनों ने अपना जुर्म कबूल लिया।





कोतवाली क्षेत्र के खुरगान गांव में अब्बास (58) रहता है। 2 साल पहले उसके बेटे सलमान (28) की शादी कैराना की रहने वाली मुशकरा (25) से हुई थी। दोनों का 3 महीने का एक बेटा अदनान भी है। सलमान 6 महीने पहले पंजाब कमाने चला गया था। इसके बाद से घर पर पत्नी मुशकरा, बेटा अदनान और पिता अब्बास ही रहते थे। 11 फरवरी की रात अब्बास अपनी बहू मुशकरा के कमरे में घुस गया। उसने बहू को पकड़ लिया और जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। जब मुशकरा ने विरोध किया, तो अब्बास ने उसका गला दबा दिया। इससे मुशकरा की मौत हो गई। इसके बाद अब्बास ने पुलिस को बताया कि मुशकरा ने आत्महत्या कर ली है। अब्बास ने पुलिस को बताया- मेरा बेटा सलमान 6 महीने पहले काम-धंधा करने पंजाब चला गया था। मुझे मुशकरा बहुत अच्छी लगती थी। मैं उसके साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहता था। मैंने कई बार मुशकरा से इसको लेकर बात भी की, लेकिन वह मान

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें....

ओम शान्ति ओम | ओम शान्ति ओम

सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलख कहेउ मुनि नाथ। हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ।।

**रस्म तेरहवीं एवं शोक सभा**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूजनीय माताजी

**श्रीमती मिथलेश सिंघल जी** (पत्नी स्व. लाला रामसेवक सिंघल जी)

का स्वर्गवास मंगलवार, दिनांक 10 फरवरी 2026 को हो गया है। वह अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके प्रभु के श्री चरणों में विलीन हो गई हैं। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु

रस्म तेरहवीं /शोक सभा आज शुक्रवार, दिनांकः 20 फरवरी, 2026 को होनी निश्चित हुई है।

ब्रह्मभोज ......................12:00 बजे दोपहर
रस्म तेरहवीं एवं शोक सभा ......................02:00 बजे दोपहर

**स्थानः- ब्रजमूर्ति पैलेस**, स्टेट बैंक के सामने, मेन रोड, शाहपुर, मुजफ्फरनगर

**-: शोकाकुल परिवार:-**

शिवम सिंघल (पुत्र) युवा भाजपा नेता
गुनमाला सिंघल- स्व. अम्बेकवर सिंघल (देवर-देवरानी)
नेमचन्द बंसल- स्व. मधुर बंसल (ननदोई-ननद)
बबीता सिंघल- स्व. प्रदीप सिंघल (पुत्री-दामाद)
मंजूषा मित्तल- हरीश मित्तल (पुत्री-दामाद)
सोनू अग्रवाल ( पुत्री)
नीरू गर्ग- मनोज गर्ग (पुत्री-दामाद)
पारूल गोयल-प्रशान्त गोयल (पुत्री-दामाद)
विनी गर्ग- निशांक गर्ग (पुत्री-दामाद)

विशु बंसल-नितिन बंसल (धेवती-धेवती दामाद)
हर्ष सिंघल- चांदनी सिंघल (धेवता-धेवता वधू)
उमंग सिंघल- स्वाति सिंघल (भतीजा-भतीज वधू)
डा० तरंग सिंघल- डा० एकता सिंघल (भतीजा-भतीज वधू)
अवि, भव्य, अक्स, भाविक (धेवते)
प्रत्यश्रा, आयूषी (धेवती)
नक्श, रूद्रांश (पड़धेवते)
नायरा, वमिका (पड़धेवती)
विहान (पौत्र), आरोही, मिशिका (पौत्री)
एवं समस्त सिंघल परिवार, शाहपुर (मुजफ्फरनगर)

**-: प्रतिष्ठान:-**

- **मै0 रतनलाल रामसेवक,** मेन बाजार, शाहपुर, मु०नगर
- **मै0 बेअंत लाल एण्ड कम्पनी,** 225 बी, नवीन मंडी स्थल, मु०नगर
- **मै0 तरूण मैडिकल एजेन्सीज,** जिला परिषद मार्किट, मु०नगर

निवास स्थानः- मौहल्ला सानियान, शाहपुर (मुजफ्फरनगर) M. 9997139441, 8439501404











# गिरधारी लाल जैन स्कूल का शानदार संदेश, बच्चों की रैली निकालकर गुब्बारे मोबाइल की डमी बांधकर उड़ाए

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** नगर के वर्षों पुराने विश्वसनीय शैक्षणिक संस्थान गिरधारी लाल जैन मैमोरियल पब्लिक स्कूल ने एक अनोखी एवं शानदार पहल की, जिसमें करीब 500 बच्चों की रैली निकालकर पूरे नगर में संदेश छोड़ा गया कि मोबाइल का त्याग करने के साथ-साथ यदि उसका उपयोग भी करना पड़ जाए तो किस तरह से किया जाये। सच कहें तो जिस मोबाइल को आज से कुछ वर्षों पहले हम सदुपयोग की वस्तु मान रहे थे, आज वही हमारे बच्चों के लिए घातक साबित हो रहा है। आज नन्हें-नन्हें बच्चे बिना मोबाइल देखे दूध तक नहीं पीते और धीरे-धीरे उन्हें मोबाइल की ऐसी लत पड़ जाती है कि जैसे बिना मोबाइल के उनका जीवन ही व्यर्थ हो। यही हाल हम बड़ों का हो चुका है। इंस्टाग्राम, फेसबुक देखे बिना अब रात में हमें नींद तक नहीं आती। अपने-अपने अलग-अलग रील देखने के शौक, किसी को गाने सुनने तो किसी को भजन, किसी को चटपटी रील देखे बिना जैसे बेचैनी सी रहती हो। आज मोबाइल नशे से भी ज्यादा हावी हो चुका है और इसी नशे को समय रहते दूर करने के लिए ही गिरधारी लाल जैन मैमोरियल पब्लिक स्कूल की निदेशिका अलका जैन ने एक अनोखा कदम उठाया है। उन्होंने रैली के दौरान नन्हें बच्चों के हाथों में

**मां मुझे मोबाइल से बचा लो, छोटे हाथों में किताबें अच्छी लगती हैं मोबाइल नहीं**

मोबाइल से आंखें कमजोर होती हैं। माइग्रेन, चिड़चिड़ापन ऐसे स्लोगनों से शानदार संदेश छोड़े। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय निदेशिका अलका जैन एवं प्रशासनिक अधिकारी गंधर्व गौतम जैन द्वारा नीले, काले, सफेद गुब्बारे उड़ाकर किया गया। रैली प्रेमपुरी स्थित गिरधारी लाल स्कूल से शुरू होकर शामली रोड, प्रेमपुरी रोड, भगत सिंह रोड से होती हुई शिवमूर्ति स्थित तुलसी पार्क पर सम्पन्न हुई, जहां गणमान्य अतिथियों शिशुकान्त गर्ग एडवोकेट, विश्वदीप गोयल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमा नागर, विभोर सिंघल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रुपेन्द्र सैनी, प्रशान्त चौधरी, मोहित मलिक, सभासद योगेश मित्तल रहे। समारोह का संचालन भूपेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गंधर्व गौतम जैन, नीतू सिंघल, सोनिका गोयल, नेहा, उर्वशी, शालिनी कौशिक, रीमा गर्ग, प्रदीप सैनी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## मैदान छोड़कर मोबाइल की दुनिया में जाने से बच्चों के चेहरों की रौनक हो रही खत्म



**मुजफ्फरनगर।** गिरधारी लाल जैन पब्लिक स्कूल की निदेशिका अलका जैन ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए और अभिभावकों के लिए संदेश छोड़ते हुए कहा कि शुरू में आपने मोबाइल को खिलौने की तरह समझा, मगर अब जब हमारे बच्चे पूरी तरह मोबाइल के आदी हो गए हैं, तो उनके चेहरों से मासूमियत भी दूर हो गयी है, क्योंकि जिस उम्र में बच्चों को मैदानों में खेलकर अपने शरीर का विकास करने की जरूरत होती है, उस उम्र में बच्चे आज बैठे-बैठे मोबाइल देखकर अपने शरीर का विकास तो रोक ही रहे हैं, साथ ही साथ बच्चों और बड़ों दोनों को मानसिक रूप से बीमार यह मोबाइल कर रहा है। दो-दो घंटे तक खुद अभिभावक मोबाइल को स्क्रॉल कर नई-नई रील देखने के आदी हो चुके हैं। ऐसे में बच्चों के चेहरे पर जो मुस्कान होनी चाहिए थी, उसे मोबाइल छीन रहा है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी रैली हमने अभिभावकों को यही संदेश देने के लिए निकाली है कि यदि समय रहते हमने अपने व अपने बच्चों के ऊपर नियंत्रण न किया तो इसके भयावह परिणाम सामने आएंगे और तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। उन्होंने कहा कि हमने रैली के माध्यम से बच्चों की आंखों पर काली पट्टी भी इसलिए बंधवाई है कि ताकि यह संदेश छोड़ा जा सके कि मोबाइल के कारण बच्चों की जिंदगी में अंधेरा भी हो सकता है।




## मोबाइल हमारी सेहत और करियर पर मंडराता एक बड़ा खतरा

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** रैली के दौरान स्कूल के छात्र अंशुमन सैनी ने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी अपनी पढ़ाई और सेहत से ज्यादा समय स्क्रीन पर बिता रही है। अंशुमन ने बताया कि "आज हम बच्चे बहुत ज्यादा मोबाइल देख रहे हैं, जिसकी वजह से हमारी आंखें समय से पहले कमजोर हो रही हैं। कम उम्र में ही बच्चों को मोटे-मोटे चश्मे लग रहे हैं। छात्रों ने रैली के माध्यम से बताया कि देर रात तक मोबाइल चलाने से न केवल आंखों पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि इसके कारण, माइग्रेन जैसी घातक बीमारियां बढ़ रही हैं। इससे हमारे स्वभाव में चिड़चिड़ापन और मानसिक तनाव बढ़ रहा है। सीधे तौर पर करियर बिल्ड और एकाग्रता बाधित हो रही है। अंशुमन सैनी और उनके सहपाठियों ने इस रैली में एक कड़ा संदेश दिया कि यदि उज्ज्वल भविष्य चाहिए, तो मोबाइल का मोह छोड़ना होगा। छात्रों ने इसे एक 'सैक्रिफिस' (त्याग) के रूप में दशार्या ताकि वे अपना ध्यान पुनः खेलकूद और शिक्षा की ओर केंद्रित कर सकें।

"मेरा सभी साथियों को यही संदेश है—मोबाइल फोन छोड़ो और अपनी सेहत व करियर को चुनो।", अंशुमन सैनी, छात्र

# अध्यक्ष प्रमोद शर्मा व सचिव दीपेश गुप्ता निर्वाचित, कोषाध्यक्ष पद पर रघुनाथ सिंह विजयी हुए



**जानसठ, 19 फरवरी (बु.)।** तहसील बार एसोसिएशन के सन 2026-27 के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार शर्मा ने सर्वाधिक 61 मत लेकर कुर्सी पर कब्जा किया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्धि प्रद्युम्न भेटवाल को तीन मतों से पराजित किया, जबकि सचिव पद पर दीपेश गुप्ता सर्वाधिक 71 मत लेकर निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी प्रमोद कुशाल को 30 मतों से पराजित किया। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर रघुनाथ सिंह सर्वाधिक 68 मत लेकर निर्वाचित घोषित किए गए। बृहस्पतिवार को तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव की मतगणना बार सभागार में शुरू की गई, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों प्रमोद शर्मा को 61 मत मिले, प्रद्युम्न भेटवाल को 58 मत मिले और अजय कुमार पंत को 53 मत मिले। इसके अलावा सचिव पद पर चांदबीर सैनी को 38 मत मिले, प्रमोद कुशाल को 41 मत, दीपेश गुप्ता को 71 मत व विनोद चौधरी को 21 मत लेकर संतोष करना पड़ा। कोषाध्यक्ष पद पर मोहम्मद नईम को 52 मत, अनुज शर्मा को 48 मत व रघुनाथ सिंह को 68 मत मिले। इनके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नरेश कुमार, उपाध्यक्ष पद पर नरेंद्र सोम एवं किरणपाल सैनी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अपूर्व सैनी, उपसचिव पद पर सहेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार सैनी व श्रीराम, वरिष्ठ सदस्य पद पर शेखर शक्ति सिंह, कमलदीप, रमेश चंद शर्मा, अफसर मेहंदी, जुल्फकार, मूलचंद वह कनिष्ठ सदस्य पद पर स्नेह लता, सुंदर पाल, मोहित कुमार, कालूराम, सुरभि, ललित कुमार निर्वाचित हुए। मतगणना कराने में चुनाव अधिकारी एल्डर कमेटी के चेयरमैन प्रदीप कुमार गोयल, प्रवेश कुमार गोयल, अमन वालिया, हसीन हैदर जैदी, मांगेराम गुर्जर आदि शामिल रहे।







# छात्रों ने बाइक को बनाया कार...

**- एक बाइक पर सवार थे पांच नाबालिग किशोर - पुलिस ने बाइक जब्त कर सभी को चेतावनी देकर छोड़**

**बुढ़ाना, 19 फरवरी (बु.)।** एक ही बाईक पर सवार होकर कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए जा रहे पांच नाबालिग छात्रों को बुढ़ाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान रोक लिया और उनको कड़ी फटकार लगाते हुए बाइक सीज करते हुए चेतावनी देकर छोड़ दिया। इन छात्रों ने बाइक को कार का रुप दिया हुआ था। यह मामला सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है। बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के समीप यहां के प्रभारी ललित कुमार कसाना मेरठ वाया करनाल हाइवे पर आते जाते वाहनों की चैकिंग कर रहे थे, तब उनको दूर से आती हुई एक बाइक दिखाई दी, जिसमें पांच नाबालिग किशोर सवार थे, जो किशोर बाइक को चला रहा था। वह पैट्रोल की टंकी पर बैठा हुआ था, जबकि पीछे वाला किशोर कैरियर पर बैठा हुआ था। बाकी बीच के तीनों किशोर गद्दी पर बैठे थे। पुलिस ने बाइक रुकवाकर पांचों से पूछताछ की, तो उन्होंने बताया कि वे बुढ़ाना कोचिंग सेंटर पर जा रहे हैं, तब पुलिस ने पांचों को कड़ी फटकार लगाकर उनके परिजनों को मौके पर बुलवाकर बाइक सीज कर सब छात्रों को चेतावनी देकर छोड़ दिया। बाइक पर पांचों छात्रों के एक साथ बैठने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है कि कैसे ये किशोर बाइक को कार के रुप में इस्तेमाल कर रहे थे। इस हाइवे पर कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि इस हाइवे पर रोजाना छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाओं का होना आम बात है।



## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 156600 | चांदी- | 245000 |
| सिक्का- | 2530 | गिन्नी- | 114165 |

## आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 20 फरवरी, 2025**

**मेष-** समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।

**वृषभ-** आूथक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

**मिथुन-** बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।

**कर्क-** ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।

**सिंह-** चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, शांति।

**कन्या-** समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।

**तुला-** लाभ का सुयोग, आूथक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।

**वृश्चिक-** योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म आस्था।

**धनु-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धाूमक गतिविधियों में रुचि।

**मकर-** व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।

**कुम्भ-** कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।

**मीन-** चिरवांछित कार्यों में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

# कार चालक पर घायल को अस्पताल में छोड़कर फरार

**भोपा, 19 फरवरी (बु.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा में उस समय सनसनी फैल गई जब एक अज्ञात व्यक्ति अपनी कार से सड़क दुर्घटना में घायल हुए दो युवकों को इलाज के लिए लाया और बहाने से दोनों को अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों ने दोनों घायलों का उपचार किया। दुर्घटना में घायल हुए युवक उपचार के बाद परिजनों को सूचना देकर पुलिस को तहरीर देने की तैयारी कर रहे थे। शामली जनपद के थाना थानाभवन के गांव मसावी के रहने वाले युवक जुबैर ने जानकारी देते हुए बताया कि वह ककरौली थाना के अपने चचेरे भाई शावेज के साथ गांव ककरौली में अपनी बहन को लेने के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक भोकरहेड़ी मोरना मार्ग पर पहुंची, तो सामने से उनकी दिशा में तेज गति से आ रही एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें दोनों बाइक सवार सावेज और जुबैर घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर इकट्ठा हुई भीड़ से बचने को आरोपी कार सवार दोनों भाइयों को अपनी कार में बिठाकर मोरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचा, जहां पर डॉक्टर ने उन्हें भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेज दिया। कार सवार जब उन्हें भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचा, तो भर्ती कराने के दौरान मौका पाकर उन्हें अस्पताल में छोड़कर भाग गया। दोनों घायलों की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने तुरंत घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। उपचार के बाद पीड़ितों ने सारे मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी और थाने पर प्रार्थना-पत्र देने की कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले में घायलों ने आरोपी की एक वीडियो भी अपने मोबाइल में होने की जानकारी दी है।





## एटीएम से छेड़छाड़ करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**मोरना, 19 फरवरी (बु.)।** भोपा थाना पुलिस ने मोरना स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एटीएम में छेड़छाड़ कर चोरी का प्रयास करने वाले तीसरे फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक तमंचा और नकदी बरामद हुई है। भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व मोरना के पंजाब नेशनल बैंक एटीएम में छेड़छाड़ कर पैसे निकालने का प्रयास किया गया था। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी, जबकि एक आरोपी फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए फरार आरोपी को भोकरहेड़ी बिजली घर के पास से दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजय पुत्र तीरथ पाल निवासी तुगलकपुर थाना पुरकाजी बताया और एटीएम चोरी की वारदात में शामिल होना कबूल किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी शुक्रताल विवेक चौधरी, साजिद खान, मनोज कुमार और कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के पास से एक तमंचा और चोरी की गई कुछ नकदी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

## दबंग ने मकान पर कब्जा करने की नीयत से की मारपीट

**- भौरांकला पुलिस पर भी लगाए गंभीर आरोप**

**बुढ़ाना, 19 फरवरी (बु.)।** एक मकान मालिक को गांव के ही एक दबंग ने भौरांकला पुलिस से पकड़वाकर उसके मकान पर जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास किया। इस मामले में पुलिस के विरुद्ध फिर दोबारा से यूपी के मुख्यमंत्री को पीड़ित महिला के द्वारा एक शिकायत की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार पूनम पत्नी चांदवीर सिंह निवासी ग्राम भौरांकला ने बृहस्पतिवार को बुढ़ाना तहसील परिसर में पहुंचकर एक सायबर कैफे से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक शिकायत भेजते हुए बताया कि उनके ही गांव का विपिन कुमार पुत्र रघबीर सिंह बृहस्पतिवार को उसके मकान में जबरदस्ती घुस आया और आते ही उसके व उसके पति के साथ गाली-गलौच व मारपीट करनी शुरू कर दी और अभद्र व्यवहार किया। आरोपी ने थाना भौरांकला पुलिस से मिलकर उल्टे उसके पति को पकड़वा दिया और उसके मकान पर अवैध कब्जा करने की नीयत से उसे उसके मकान से जबरदस्ती बाहर निकाल दिया। पुलिस आरोपी को कब्जा दिलवा रही है। इस सम्बन्ध में उसके पति चांदबीर सिंह ने इससे पहले भी एक प्रार्थना-पत्र बीती 14 फरवरी को एसएसपी को दिया था, जिसमें आज तक कोई भी कानूनी कार्यवाही नही हुई। आरोपी अब उसको ऐलानियां धमकी दे रहा है कि मैं तुम्हारे पति को अब किसी भी झूठे केस में फंसवाकर जेल भिजवा दूंगा, क्योंकि पुलिस मेरे साथ है। उधर पीड़िता ने मुख्यमंत्री से विपिन के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है।



## श्रीष सैनी ने जेईई मेन्स परीक्षा में ऑल इंडिया लेवल पर 96.64 परसेंटाइल प्राप्त की

**शाहपुर, 19 फरवरी (बु.)।** कस्बा निवासी एक इंटरमीडिएट के छात्र ने जेईई मेन्स परीक्षा में ऑल इंडिया लेवल पर 96.64 परसेंटाइल प्राप्त की। कस्बे के मौहल्ला मंगलापुरी मंडी निवासी मा. मांगेराम सैनी के पौत्र व नेशनल हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन में सीनियर मैनेजर नीरज सैनी के पुत्र श्रीष सैनी ने वर्ष 2026 की जेईई मेन्स परीक्षा में प्रतिभाग किया था। बुधवार को घोषित हुए परिणाम में छात्र को ऑल इंडिया स्तर पर 99.64 परसेंटाइल प्राप्त हुए। श्रीष सैनी के बाबा मा. मांगेराम सैनी ने बताया कि श्रीष सैनी ने 12वीं की पढ़ाई के साथ ही पहली बार बिना किसी कोचिंग के 2026 जेईई मेन्स की परीक्षा दी थी। उन्होंने बताया कि छात्र हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित मार्डन विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल अध्ययनरत है। वर्तमान में 12वीं की परीक्षा दे रहा है। श्रीष सैनी की उपलब्धि पर कस्बे में खुशी का माहौल है। बाबा मास्टर मांगेराम सैनी अपने पौत्र की उपलब्धि को उसकी एकाग्रता से की गई पढ़ाई व मेहनत का परिणाम बताया।



# सेवा सप्ताह की श्रंखला में शिव आराधना के उपरांत बालिकाओं को लेखनी वितरण

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बुस.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के मार्गदर्शक, जन-जन के प्रिय हृदय सम्राट माननीय डॉ. इंद्रेश कुमार के जन्मदिवस पर श्रृंखलाबद्ध रूप से राष्ट्रव्यापी सेवा सप्ताह (18 से 24 फरवरी) आयोजित हो रहा है। इसी कड़ी में भारत-तिब्बत सहयोग मंच की मुजफ्फरनगर इकाई ने देवों के देव आदिदेव महादेव भगवान शिव का हवन किया। आगंतुकों के ललाट पर त्रिपुंड लगाकर डॉ. इंद्रेश के सुखी एवं दीर्घायु की मंगलमय कामना की गई। इस अवसर पर संघ को समर्पित मुख्य अतिथि रमेश सांई का सान्निध्य प्राप्त हुआ। सीए अश्विनी वर्मा ने मंच से श्री सांई को शांति करुणा एवं दया के प्रतिरुप गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्मृति स्वरुप प्रदान की। शिव प्रसाद के रूप में मंच ने भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की सभी बालिकाओं एवं स्टाफ को लेखनी वितरित की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य मंच के संकल्पित लक्ष्यों को जन-जागरण के माध्यम से जनमानस तक पहुँचाना है। मंच सतत् कार्यरत है, जिसमें चीन की विस्तारवादी नीति का विरोध करते हुए निर्वासित तिब्बत को मुक्त कराना, भगवान शंकर के निवास स्थान कैलाश मानसरोवर को चीनी आधिपत्य से आजाद कराना तथा चीनी सामान का बहिष्कार कर चीन की अर्थव्यवस्था को कमजोर करना प्रमुख हैं। मंच पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी पूर्णतः समर्पित हैं। कार्यक्रम में डॉ. वंदना शर्मा (महिला जिलाध्यक्ष), अतिन संगल (युवा जिलाध्यक्ष), एडवोकेट अभिषेक वर्मा (युवा जिला महामंत्री), सीए अश्विनी वर्मा (जिला मंत्री), एडवोकेट संदीप दास (संयोजक, प्रकृति प्रकोष्ठ-प्रांत मेरठ), अवनीश गोयल (जिला संयोजक, प्रकृति प्रकोष्ठ), रेखा संगल, नीतू भारद्वाज, अनुकृति, आरोही, हरीश उपाध्याय, डॉ. अजय गर्ग, मनोज कुमार शर्मा, विष्णु स्वरूप अग्रवाल (जिला महामंत्री) सहित समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।







# दधेडू कलां में मुख्य मार्ग पर गंदे पानी से गुजरने को मजबूर क्षेत्रवासी

**-नालों का निर्माण अधूरा होने से परेशानी झेल रहे लोग - करीब तीन साल पहले मंजूर हुई सड़क**



**चरथावल, 19 फरवरी (बु.)।** दधेडू कलां में मुख्य मार्ग पर गंदे पानी से गुजरने को मजबूर क्षेत्रवासी परेशानी झेल रहे हैं। नालों के अधूरे पड़े निर्माण के कारण लोगों को मुश्किल उठानी पड़ रही है। सड़क के चौड़ीकरण का काम अरसे पहले पूरा हो चुका है, लेकिन चरथावल कस्बे सहित आबादी वाले गांवों में नालों का निर्माण नहीं हो पाया है। चरथावल-थानाभवन मुख्य मार्ग पर चरथावल कस्बा, नंगला राई, बिरालसी एवं दधेडू कलां एवं दधेडू खुर्द गांवों में आबादी के बीच यह मुख्य मार्ग गुजरता है, लेकिन दधेडू में नालों का निर्माण पूरा नहीं होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। ईदगाह के सामने सीसी रोड का निर्माण करा दिया, लेकिन नाला नहीं बनने से गांव का गंदा पानी सड़क पर भरा रहता है। दुपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मार्च 2023 को सीआरएफ से मुजफ्फरनगर-चरथावल-थानाभवन मार्ग का करीब 54 करोड़ रुपये की लागत से 19 किमी सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव मंजूर हुआ था। इस मार्ग से तीन लोक सभा एवं तीन विधान सभा क्षेत्रों के सैकड़ों गांवों का संपर्क मार्ग जुड़ा है।

**खुलकर दी अपनी राय**



संदीप कंसल



राकेश वशिष्ठ



योगेश त्यागी



जितार्थ त्यागी

### हादसों का बढ़ रहा खतरा : कंसल

केमिस्ट संदीप कंसल बताते हैं कि चरथावल में नालों का निर्माण नहीं किया गया। इसी वजह से मुख्य मार्ग पर चौड़ीकरण के बावजूद सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़े रहते है। मुख्य मार्ग पर अक्सर जाम लगने से हादसे होने की आशंका रहती है।

### नालों का निर्माण अधूरा : वशिष्ठ

चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज के संस्थापक राकेश वशिष्ठ का कहना है इस मार्ग का निर्माण कछुआ चाल से पूरा हुआ। नालों का निर्माण पूरा नहीं हुआ। इसके बावजूद बिरालसी एवं पीनना के निकट नई सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। कई स्थान पर पेड़ों के नहीं कटने से दुर्घटनाएं होती हैं।

### समस्या से दिलाई जाए निजात : त्यागी

किसान योगेश त्यागी कहते हैं कि नालों का निर्माण पूरा नहीं होने के कारण दुपहिया वाहन चालकों को गंदे पानी में निकलना पड़ता है। अधूरे नाले पड़े हैं। नंगला राई और बिरालसी में सड़क पर जाम रहता है। लोनिवि को जल्द इस समस्या से निजात दिलानी चाहिए।

### पूरा होना चाहिए नाला निर्माण : जितार्थ

जितार्थ त्यागी का कहना है कि क्षेत्रवासियों की मांग पर कार्य को मंजूरी मिली थी। इस तीन जिलों को जोड़ने वाली
इस सड़क पर टोल बचाने के कारण वाहनों का बोझ बढ़ गया है। आए दिन हादसे हो रहे है। नालों को निर्माण पूरा होना जरूरी है।



## ओवरलोड गन्ना ट्रक का टायर फटा, चौधरी चरण सिंह चौराहे पर बनी जाम की स्थिति

**शाहपुर, 19 फरवरी (बु.)।** कस्बे के व्यस्ततम मेन चौराहे पर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पुलिस चौकी के ठीक सामने गन्ने से भरे एक ओवरलोड ट्रक का अगला टायर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना तेज था कि सड़क पर चलने वाले राहगीर सहम गए। इसके अलावा सड़क पर पड़े पत्थर और मलबे के टुकड़े उछलकर आसपास खड़े लोगों की ओर जा गिरे। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। टायर फटने के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर एक ओर झुक गया। यदि ट्रक पलट जाता, तो चौराहे पर स्थापित किसान मसीहा व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा को भी क्षति पहुंच सकती थी। घटना के समय फुलेरा दूज के अवसर पर शादियों का शुभ मुहूर्त होने से सड़क पर यातायात का दबाव काफी अधिक था, जिससे चौराहे पर लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकलवाकर यातायात सुचारु कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चौराहे की सड़क पहले से ही जर्जर अवस्था में है, जिससे ओवरलोड वाहनों के गुजरने पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से ओवरलोड वाहनों पर सख्ती और सड़क की मरम्मत की मांग की है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## भारत और इजराइल-फिलिस्तीन

संयुक्त राष्ट्र में 100 से अधिक देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने एक साथ मिलकर इजराइल के विरोध में एक बयान जारी किया। इस बयान में कहा गया कि इजरायल वेस्ट बैंक पर अपना नियंत्रण मजबूत करने की कोशिश कर रहा है, जोकि सही नहीं है। इन देशों का मानना है कि ऐसे कदम इलाके में शांति और स्थिरता के लिए ठीक नहीं हैं। भारत ने इस संयुक्त बयान का समर्थन तय समय सीमा समाप्त होने से ठीक पहले किया है, इससे पहले यह साफ नहीं था कि भारत इस बयान में शामिल होगा या नहीं। भारत द्वारा इस संयुक्त वक्तव्य का समर्थन और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की इजराइल यात्रा, इस पर वैश्विक स्तर पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कहा जा रहा है कि एक तरफ तो भारत-इजराइल के घनिष्ठ संबंध है और दूसरी तरफ भारत उन देशों के बयान के साथ खड़ा हो गया है, जो इजराइल को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी अगले हफ्ते इजरायल की यात्रा पर जाने वाले हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि प्रधानमन्त्री मोदी इजरायली संसद को भी संबोधित कर सकते हैं। ऐसे में भारत का इस बयान का समर्थन करना काफी अहम माना जा रहा है। भारत का यह व्यवहार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान खींच रहा है। भारत इजराइल और फिलिस्तीन दोनों ही से संबंध रखता है। इन दिनों वैश्विक पटल पर भारत की बात का वज्न है। इजराइल और फिलिस्तीन को लेकर भी भारत का चर्चा चल रहा है। गाजा में इस समय सीजफायर जारी है। दुनिया के ज्यादातर देश कह रहे हैं कि फिलिस्तीन और इजरायल के बीच की हिंसा का स्थायी राजनीतिक समाधान निकाला जाए। फिलिस्तीन की विदेश मंत्री वार्सन अघाबेकियन ने कहा था कि इजरायल और फिलिस्तीन के बीच इस स्थायी शांति को प्राप्त करने में भारत शांतिदूत की भूमिका निभा सकता है। वार्सन अघाबेकियन भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए नयी दिल्ली आयीं थीं। इस यात्रा के दौरान उन्होंने एक इंटरव्यू में जोर देकर कहा कि युद्धों के लिए अब समय नहीं है। अब बातचीत, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान होना चाहिए। अघाबेकियन ने गाजा में जमीनी स्थिति को गंभीर बताया था। गाजा की वर्तमान स्थिति को उन्होंने आंशिक सीजफायर बताया था। उन्होंने कहा कि भले सीजफायर डील पर साइन होने के बाद बड़े पैमाने पर शत्रुताएं कम हो गई हैं, लेकिन अभी भी हत्याएं और हिंसा जारी हैं, उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह सीजफायर स्थायी हो जाएगा और राहत प्रयास तुरंत शुरू हो जाएंगे। फिलिस्तीन की विदेश मंत्री वार्सन अघाबेकियन के इस बयान का भी खूब चर्चा हो रहा है कि इजरायल और फिलिस्तीन के बीच इस स्थायी शांति को प्राप्त करने में भारत, शांतिदूत की भूमिका निभा सकता है। फिलिस्तीन की विदेश मन्त्री का कहना है कि गाजा में सब कुछ नष्ट हो गया है। लोगों को बुनियादी सेवाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, भोजन और रहने के लिए छत की जरूरत है। ज्यादातर लोग तंबू या आंशिक रूप से नष्ट हुई इमारतों में रह रहे हैं, जो किसी भी समय ढह सकती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि तत्काल वहां मानवीय सहायता पहुंचाना और वहां पुनर्निर्माण करना महत्वपूर्ण है। विदेश मंत्री ने भारत की विकास सहायता की तारीफ करते हुए कहा कि नयी दिल्ली ने फिलिस्तीन में कई प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट किया है, खासकर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक इंफ्रास्ट्रक्चर में। उन्होंने कहा था मुझे भारत आकर खुशी हो रही है। यह मेरी पहली यात्रा है और मुझे उम्मीद है कि यह आखिरी नहीं होगी। उन्होंने भारत को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और ऐसा देश बताया जिसकी हम बहुत इज्जत करते हैं। अघाबेकियन ने गाजा के लिए इंटरनेशनल ₹बोर्ड ऑफ पीस₹ बनाए जाने की घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसी पहल जो लड़ाई को रोकने और मानवीय सहायता को सुविधाजनक बनाने में मदद करती है, वह सकारात्मक है। हालांकि, साथ ही साथ उन्होंने इस बात को लेकर भी आगाह किया कि ऐसी किसी भी कोशिश को संयुक्त राष्ट्र के ढांचे के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 3802 में निर्धारित बोर्ड ऑफ पीस का स्वागत किया है। उन्होंने यह भी कहा कि हाल ही में दावोस में 'बोर्ड ऑफ पीस' को लेकर जो प्रस्ताव पेश किया गया, वह गाजा से आगे जाता है। उनके अनुसार अभी भी कई देश इस प्रस्ताव की जांच कर रहे हैं और समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या 'बोर्ड ऑफ पीस' के प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के सिस्टम को कमजोर करते हैं या उन्हें रिप्लेस करने की कोशिश करते हैं। सीजफायर के लिए इजरायल ने पहले ही शर्त रख दी है कि पहले हमास को अपने हथियार त्यागने होंगे। इस पर फिलिस्तीनी विदेश मंत्री ने कहा कि तत्काल प्राथमिकता गाजा के लोगों को मानवीय राहत देनी ही रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फिलहाल जो मायने रखता है, वह लोगों के लिए गाजा में सांस लेना है। दो साल के अत्याचारों के बाद, अब समय आ गया है कि लोगों को घर, साफ पानी, भोजन और चिकित्सा देखभाल मिले। सभी पक्षों को समझौते का पालन करना होगा। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच बातचीत में भारत की भूमिका प्रमुखता से सामने आयी। नयी दिल्ली की अपनी पहली यात्रा पर, अघाबेकियन ने गाजा को मिले भारत के मानवीय समर्थन और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की तरफ से फिलिस्तीन को लंबे समय से दिए जा रहे लगातार समर्थन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत मिस्र के माध्यम से सहायता भेजने वाले पहले देशों में से एक रहा है। भारत ने वेस्ट बैंक में विकास परियोजनाओं का समर्थन किया है और लगातार मानवीय सिद्धांतों के लिए खड़ा रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत के संतुलित रिश्ते इसे कूटनीतिक लाभ देते हैं, जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या नयी दिल्ली शांति वार्ता में मध्यस्थता कर सकती है, तो उन्होंने कहा कि भारत का रिश्ता दोनों पक्ष, इजरायल और फिलिस्तीन के साथ दोस्ती का है। हमें लगता है कि वह इस संबंध में भूमिका निभा सकता है। भारत ने बार-बार कहा है कि यह जंग का समय नहीं है। अघाबेकियन ने कहा कि भारत का ऐसा दृष्टिकोण फिलिस्तीन के लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप है, उनके अनुसार युद्ध केवल और अधिक हिंसा और विनाश लाते हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'हिंसा' 'अम्न' 'गलत' 'नेता'

किसी भी देश की हिंसा में उसको अम्न दिखता है,  
गलत दल का गलत नेता, गलत बातें ही करता है।  
कहीं सम्मान होता है मगर वो पाप कहता है,  
गलत दल का गलत नेता, गलत बातें ही करता है।







# चौकड़ा में सार्वजनिक रास्ते पर किए गए अवैध निर्माण को प्रशासन ने ध्वस्त कराया

**चरथावल, 19 फरवरी (बु.)।** चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम चौकड़ा में सार्वजनिक रास्ते पर किए गए अवैध निर्माण को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है। एसडीएम सदर प्रवीण कुमार द्विवेदी के निर्देश पर राजस्व टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। यह कार्रवाई एक शिकायत के बाद की गई। खसरा संख्या 1357क, जिसका क्षेत्रफल 0.1710 हेक्टेयर है, राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक उपयोग की भूमि के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा था। शिकायत मिलने पर प्रशासन ने जांच कराई, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद जेसीबी मशीन का उपयोग कर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक रास्तों और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कब्जा हटाने के बाद रास्ते को आमजन के आवागमन के लिए दोबारा खोल दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है।

## रमजान माह और आगामी त्योहारों को देखते हुए हटवाया अतिक्रमण

**जानसठ 19 फरवरी (बु.)।** जानसठ तहसील मुख्यालय सहित भलेड़ी तिराहे से लेकर गांव तालड़ा मोड़ तक एसडीएम और सीओ सहित एनएचआई के अधिकारियों ने अवैध अतिक्रमण को हटवाया। प्राप्त समाचार के अनुसार नेशनल हाईवे-709-एडी पर स्थित जानसठ तहसील मुख्यालय एवं ग्राम तालड़ा मोड़ से लेकर गांव भलेड़ी तिराहे तक लंबे समय से हाईवे के दोनों ओर की साइड पटरियों पर दुकानदारों और फल-विक्रेताओं द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी राजकुमार भारती और पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपाली राव सहित स्थानीय पुलिस एवं एनएचएआई के अधिकारी विकास यादव की टीम को साथ लेकर हाईवे के दोनों ओर से अवैध अतिक्रमण हटवाया। एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती ने बताया कि पवित्र रमजान माह और आगामी त्योहारों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य नेशनल हाईवे 709-एडी से अवैध अतिक्रमण जो दुकानदारों और फल विक्रेताओं द्वारा किया गया था, उसको गुरुवार को हटवाया गया। एसडीम राजकुमार भारती ने साफ कहा कि यदि दुकानदारों द्वारा फिर से अतिक्रमण किया गया, तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पुलिस मुठभेड़ में 2 ईनामी बदमाश हुए घायल



**बुढ़ाना, 19 फरवरी (बु.)।** पुलिस ने मुठभेड़ में उन दो बदमाशों को गोली मारकर पकड़ लिया, जिन्होंने लगातार दो दिनों तक खुलेआम फायरिंग कर दो युवकों की जान लेने का प्रयास किया था। बीती 16 फरवरी को दानिश पुत्र मोमीन निवासी मंदवाड़ा रोड ने बुढ़ाना पुलिस को बताया था कि उनके गांव के आमिर उर्फ बाटा व समद ने अन्य साथी संग मिलकर जान से मारने की नीयत से उस पर फायरिंग की थी, जिसमें वह बाल-बाल बच गया था। अगले दिन बीते 17 फरवरी को इन्हीं बदमाशों ने इसी गांव के अयान पुत्र शौकीन के ऊपर भी जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी, जिसमें भी वह बाल-बाल बच गया था। दोनों घटनाओं की सीसीटीवी फुटेज भी बुढ़ाना पुलिस ने अपने कब्जे में कर तीनों बदमाशों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में तीनों की तलाश शुरू कर दी थी। इसी दौरान एसएसपी संजय वर्मा ने बदमाशों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। ईनामी बदमाशों को पकड़ने को पुलिस टीम गठित हुई, जिसमें बृहस्पतिवार की सुबह बुढ़ाना पुलिस क्षेत्र में मंदवाड़ा चौराहे पर चैकिंग कर रही थी। चैकिंग में बाइक सवार 2 व्यक्ति दिखे, जिन्हें पुलिस ने रोका तो एक ने फायरिंग कर दी, तब पुलिस ने जवाबी कार्यवाही कर दोनों को घेरकर गोली मारकर घायल कर पकड़ लिया। दोनों के कब्जे से पौनिया, 2 कारतूस, 2 खोखे, तमंचा, बाइक मिली। दोनों बदमाशों पर 7 मामले दर्ज हैं। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराकर पूछताछ हुई तो दोनों ने बताया कि उनका दोनों युवकों से विवाद चल रहा है, जिसमें दबाव बनाने व डराने के उद्देश्य से हमने उन पर हत्या के इरादे से फायरिंग की। टीम में कोतवाल सुभाष अत्री, कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार, दारोगा छविकांत चौहान, गढ़ी इंचार्ज ललित कसाना, दारोगा आशीष चौधरी, हैड कांस्टेबल नीरज त्यागी, अमरदीप, संजय, निर्वेश भारद्वाज, कांस्टेबल नकुल सांगवान, विजय और गौरव पूनिया रहे।

## शिवसेना ने मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती



**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती अवसर पर शिवसेना कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा प्रकाश चौक स्थित शिवसेना कार्यालय पर श्रद्धा व उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यालय परिसर को भगवा ध्वज व फूल-मालाओं से सजाते हुए शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान और शिवाजी महाराज के जयघोष के साथ में हुई, जहां बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिवसेना जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने राष्ट्र, धर्म और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। वे एक महान योद्धा ही नहीं बल्कि दूरदर्शी प्रशासक भी थे, जिनके साहस, नीति व संगठन क्षमता से आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिवसेना शिवाजी महाराज के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में जतिन वशिष्ठ ने कहा कि शिवाजी महाराज ने विपरीत परिस्थितियों में भी अदम्य साहस का परिचय देते हुए स्वराज की स्थापना करके इतिहास रच दिया। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट हो कर राष्ट्रहित में कार्य करने और शिवाजी महाराज के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में उत्साह व श्रद्धा का वातावरण बना रहा। इस दौरान मुख्य रूप से विनय कुमार, लक्ष्य, प्रिंस, शैलेंद्र, मनोज कुमार, निकुंज चौहान, मनोज चौधरी, ललित रुहेला, अमित कुमार, सूरज सेठी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कम्पोजिट स्कूल अलमासपुर की बालिकाओं ने ली शपथ



**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** गुरूवार को कंपोजिट स्कूल अलमासपुर में डा. राजीव कुमार द्वारा "बाल विवाह मुक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डा. राजीव कुमार द्वारा बाल विवाह की रोकथाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, पुलिस आपातकालीन सेवा हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक करते हुए बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह अपराध है, जिसमें 02 वर्ष की सजा एवं 01 लाख रुपए का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। भारत में शादी के लिए लड़के की आयु 21 वर्ष व लड़की की आयु 18 वर्ष है। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार के मार्गदर्शन में विद्यालय स्टाफ वंदना, उपमा व सुरुचि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाशाली बालिकाओं प्रिंसी, वंशिका, परिधि, स्वाति, वीरा व खुशबू को फूल मालाओं से भी सम्मानित किया गया। बालक/बालिका शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण व स्वावलंबन हेतु जिला बाल सरंक्षण अधिकारी संजय कुमार एवं बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ. राजीव कुमार द्वारा उक्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न पर कार्यशाला





**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** डीएम-सीडीओ के निर्देश पर गुरूवार को डॉ. राजीव कुमार द्वारा महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें डीएवी कॉलेज के एनएसएस वालंटियर्स ने प्रतिभाग किया। अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, गरिमापूर्ण और अनुकूल कार्य वातावरण बनाने तथा उन्हें यौन उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करना है। उक्त कार्यशाला में डॉ. राजीव कुमार सदस्य द्वारा पॉश एक्ट 2013 के अंतर्गत महिलाओं की कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं गरिमा हेतु सभी सरकारी/गैर सरकारी संस्थानों/संगठनों/ शैक्षणिक संस्थानों/ कार्यालयों/ अस्पतालों व असंगठित क्षेत्रों/अन्य कार्य स्थलों पर आंतरिक समिति व जनपद स्तर पर गठित स्थानीय समिति, अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। महिला सुरक्षा एवं सम्मान विषय पर प्रश्नोत्तरी के आयोजन में सफल प्रतिभागियों में नबिया, गुलजहां, प्रीति, वंशिका, कायम व सुम्बुल को सम्मानित किया गया। मुजफ्फरनगर के शैक्षिक संग्रहालय में पॉश अधिनियम 2013 पर आयोजित कार्यशाला में डीएवी पीजी कॉलेज के एन एसएस कार्यक्रम अधिकारी, अन्य प्रोफेसर व वालंटियर्स ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यशाला में डीए वी पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. योगेश कुमार के मार्गदर्शन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. डॉ. संजीव कुमार, प्रो. डॉ. रचना त्यागी, प्रो. डॉ. योगेश, प्रो. डॉ. आसिफ व वालंटियर पलक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एसडी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेईई मेंस की परीक्षा में लहराया परचम



**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बुस.)।** एनटीए ने 16 फरवरी को आयोजित जेईई मेंस सत्र-1 का परिणाम घोषित किया, जिसमें एसडी पब्लिक स्कूल के कक्षा-12 के छात्र अबुजैद खान ने 99.1 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय एवं परिवारजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। 96.7 अपूर्व कुच्छल, 89.38 रिदीमा बंसल के साथ ही अन्य छात्र देवांशी काबरा 93.2, वरदान अरोरा 92.5, सजल सिंघल 90.3, अर्नव सिंघल 80 परसेंटाइल, यश अग्रवाल एवं देवांश तायल ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा को उत्तीर्ण कर विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर बेहतरीन परसेंटाइल प्राप्त कर इस कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सेना एवं प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की लगन, मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण रहा। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि संस्था सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं के लिए श्रेष्ठ मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राजस्थान में ओले गिरे, केदारनाथ में 6 इंच बर्फ गिरी

**नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसी)।** देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज बदल गया है। मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन समेत 25 से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ीं। जिससे ठिठुरन बढ़ गई है। राजस्थान के 11 जिलों में तेज आंधी-बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी है। एक दिन पहले 11 से ज्यादा जिलों में दिनभर रुक-रुककर बारिश हुई। राजधानी जयपुर के रटर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में पानी भर गया। इससे कई ऑपरेशन टल गए। 4 जिलों में ओले भी गिरे। हरियाणा के हिसार समेत कई इलाकों में 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और ओले गिरने की चेतावनी दी गई है। राज्य के भिवानी और रेवाड़ी में बुधवार दोपहर को हल्की बूंदाबांदी के साथ ओले गिरे। वहीं उत्तराखंड में बागेश्वर और रुद्रप्रयाग सहित तीन जिलों में बर्फबारी हुई है। इसके अलावा 7 जिलों में बारिश हुई है। रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ में 6 इंच बर्फ गिरी है।

## 22 फरवरी से जापान दौरे पर जा रहे हैं सीएम योगी

### - 600 किमी प्रतिघंटा वाली ट्रेन से करेंगे यात्रा



**लखनऊ, 19 फरवरी (एजेंसी)।** जापान की अत्याधुनिक मैग्लेव (मैग्नेटिक लेविटेशन) ट्रेन, जो चुंबकीय शक्ति के सहारे पटरी से ऊपर हवा में तैरते हुए चलती है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे का विशेष आकर्षण बनने जा रही है। मुख्यमंत्री अपने जापान प्रवास के दौरान इस हाईस्पीड ट्रेन में 100 किलोमीटर की परीक्षण यात्रा करेंगे जिसमें 50 किलोमीटर जाना और 50 किलोमीटर की वापसी होगी। मैग्लेव ट्रेन को आधुनिक परिवहन का भविष्य माना जा रहा है। चुंबकीय तकनीक के कारण ट्रेन और ट्रैक के बीच प्रत्यक्ष संपर्क समाप्त हो जाता है, जिससे घर्षण लगभग शून्य हो जाता है। यही कारण है कि यह ट्रेन 600 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति हासिल करने में सक्षम है। जापान टोक्यो से नागोया के बीच मैग्लेव कॉरिडोर को वर्ष 2027 तक शुरू करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है, जिसके बाद दोनों शहरों के बीच यात्रा समय आधे से भी कम रह जाएगा।

## एक मकान में दो लाश, फंदे पर लटका था व्यापारी, बक्से में बोरी के अंदर मिला किन्नर का शव

**बलिया, 19 फरवरी (एजेंसी)।** जिले में दो दिन से गायब रेखा किन्नर (60) की हत्या कर शव को बोरी में बांधकर चार मंजिला मकान के छत पर बके में छिपाने के बाद पकड़े जाने के डर से डेयरी दुकानदार रवि गुप्ता (28) ने खुदकुशी कर ली। आत्महत्या की सूचना पर बृहस्पतिवार की सुबह पहुंची पुलिस ने घर से आ रही दुर्गंध पर जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान रेखा किन्नर का शव बक्से में प्लास्टिक की बोरी से बरामद किया गया। रेखा किन्नर के शरीर पर पहने अधिकतर आभूषण गायब थे। एक घर से दो शव मिलने की खबर पर कस्बे में खलबली मच गई। भारी संख्या में साथी किन्नर जुट गए। उन्होंने कर्ज का पैसा वापस मांगने व आभूषण के लालच में रेखा की हत्या कर शव को छिपाने का आरोप लगाया। घटना की जानकारी होने पर मौके पर एएसपी दक्षिणी कृपाशंकर, सीओ फहीम कुरैशी ने पहुंचकर जांच पड़ताल किया। पुलिस ने मृतक रवि के पिता विजय गुप्ता, पत्नी मोना गुप्ता व परिवार की एक महिला रीता देवी को हिरासत में ले लिया। एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि बधाई का पैसा मांगने के दौरान हुए विवाद में किन्नर की मौत के बाद डिप्रेशन में आकर रवि ने आत्महत्या कर ली है। कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व आगे की जांच के बाद सही कारण पता चलेगा। सुरक्षा को लेकर दोकटी, रेवती, दुबहड़, हल्दी थानों की फोर्स रानीगंज बाजार से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक मुस्तैद रही।

## राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसी)।** करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा किया। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा फ्फ्र-भाजपा तंत्र एक 'गोडसे फैक्ट्री' है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है। उन्होंने पर लिखा- कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं जब तक उनके फॉलोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती। तब भी गोडसे बनाया गया था। आज फिर एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद कोटा पुलिस ने आरोपी राज आमेरा को पकड़ लिया है।

## हरदोई में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ट्रेन में थे, दो शीशे टूटे

### - ट्रैक किनारे खेल रहे बच्चों ने फेंके पत्थर



**हरदोई, 19 फरवरी (एजेंसी)।** वाराणसी से मेरठ जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस की बोगी के दो शीशे टूट जाने से गुरुवार को सनसनी फैल गई। घटना उस समय हुई, जब ट्रेन हरदोई रेलवे स्टेशन को पार कर मुरादाबाद की ओर बढ़ रही थी। पत्थर लगने से कोच सी-4 में सीट नंबर 60 और 61 के बीच लगे दोनों शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। बताया गया कि दोपहर करीब 3:30 बजे ट्रेन जैसे ही बलोखर रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंची, उसी दौरान पत्थर आकर खिड़की से टकराए। घटना की सूचना तुरंत मुरादाबाद कंट्रोल रूम से आरपीएफ को दी गई, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। पुलिस जांच में पता चला कि क्रॉसिंग के पास स्थित कंजर बस्ती के कुछ बच्चे रेलवे ट्रैक के किनारे लकड़ी और गेंद से खेल रहे थे। खेल के दौरान कुछ बच्चों ने पत्थर फेंके, जो अचानक वहां से गुजर रही वंदे भारत ट्रेन के शीशों पर जा लगे। घटना को शरारतन की गई हरकत माना जा रहा है, हालांकि इससे बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस, आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आसपास के क्षेत्र में पूछताछ कर घटना की पुष्टि की और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आरपीएफ ने कंट्रोल रूम से मिली सूचना के आधार पर रेलवे एक्ट की धारा 153 के तहत मामला दर्ज किया है। इस धारा में चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी करना और यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डालना गंभीर अपराध माना जाता है। घटना के बाद रेलवे और सुरक्षा एजेंसियों ने संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाने की बात कही है। साथ ही आसपास की बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाने की भी तैयारी है, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।




# सुप्रीम कोर्ट बोला-फ्री खाना मिलेगा तो लोग काम क्यों करेंगे

### - मुफ्त बिजली-पानी देने से काम करने की आदत ही खत्म हो जाएगी; सरकारें रोजगार दें




**नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फ्रीबीज कल्चर (मुफ्त की रेवड़ियां) पर कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे विकास को नजरअंदाज करते हुए मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं। आपको लोगों के लिए रोजगार के रास्ते बनाने चाहिए, ताकि वे कमा सकें और अपनी इज्जत और आत्म सम्मान बनाए रख सकें। जब उन्हें एक ही जगह से सबकुछ मुफ्त मिल जाएगा तो लोग काम क्यों करेंगे। क्या हम ऐसा ही देश बनाना चाहते हैं? अचानक चुनाव के आस-पास स्कीम क्यों अनाउंस की जाती हैं? अब समय आ गया है कि सभी पॉलिटिकल पार्टियां, नेता फिर से सोचें। अगर हम इस तरह से उदारता दिखाते रहे तो हम देश के डेवलपमेंट में रुकावट डालेंगे। एक बैलेंस होना चाहिए। ऐसा कब तक चलेगा? हम भारत में कैसी संस्कृति विकसित कर रहे हैं? यह समझ में आता है कि कल्याणकारी योजना के तहत आप उन लोगों को राहत दें, जो बिजली का बिल नहीं चुका सकते। जो लोग भुगतान करने में सक्षम हैं और जो नहीं हैं, उनके बीच कोई फर्क किए बिना मुफ्त सुविधा देना क्या तुष्टीकरण की नीति नहीं है? सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कंपनी ने 2024 के विद्युत संशोधन नियमों के नियम 23 को चुनौती दी है। इसमें उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को हर दो-महीने में लगभग 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देती है, बिना किसी शर्त के यानी उपभोक्ता चाहे कितना भी खर्च करे, पहली 100 यूनिट के लिए बिल नहीं देना होता।

## नीव इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई छत्रपति शिवाजी जयंती



**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बुस.)।** अंसारी रोड स्थित नीव इंटरनेशनल स्कूल में महान वीर योद्धा और कुशल प्रशासक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं प्रेरणादायक वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन अंकुर गोयल द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए छत्रपति शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में प्रेरक प्रसंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक एवं वीरतापूर्ण प्रसंगों को बड़े आत्मविश्वास और भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहस, नेतृत्व, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों को चलचित्र के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं से अवगत कराया गया, जिससे बच्चों ने इतिहास को रोचक और सरल रूप में समझा। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम में शिवांश त्यागी, कियारा झा, केशव पाल, विदुषी शर्मा, समायरा अरोड़ा, देवांश सिंगल, मनन आहूजा, वामिका सिंगल सहित अनेक विद्यार्थियों ने प्रभावशाली सहभागिता की और अपनी प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं वर्तिका सिंगल, राधिका अरोड़ा, इशिका भारद्वाज, शगुन अग्रवाल, प्रेरणा मेहता सहित अन्य शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित गर्ग ने छत्रपति शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन साहस, रणनीति, न्यायप्रियता और कर्मठता का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिवाजी महाराज के जीवन से वीरता, आत्मविश्वास और निष्ठा की प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रप्रेम और प्रेरणा से ओत-प्रोत वातावरण में हुआ। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने तथा महान व्यक्तित्वों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

# मारूति सुजुकी नेक्सा की पहली 'इलेक्ट्रिक विटारा' गाड़ी लाँच, बुलेटिन सम्पादक ने विधिवत किया शुभारम्भ

## बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व जीएसटी कमिश्नर सिद्धेश चंद दीक्षित ने संयुक्त रूप से काटा केक

मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)। जानसठ रोड स्थित मारूति सुजुकी नेक्सा के शोरूम पर आज कम्पनी की पहली गाड़ी ईवी विटारा का बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा विधिवत शुभारम्भ किया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यह कम्पनी की पहली इलेक्ट्रॉनिक चौपहिया वाहन है, जिसकी बैट्री 49 किलोवाट की है, जो एक बार की चार्जिंग में 440 किमी. तक चलाई जा सकती है। जबकि इससे ऊपर के वैरिएंट में 61 किलोवाट की बैट्री है जो 548 किमी. चलाई जा सकती है। गाड़ी की शुरूआती कीमत 10.99 लाख रुपये रखी गयी है। गाड़ी में तीन वैरिएंट दिये गए हैं। टॉप वैरिएंट की कीमत लगभग 19.79 लाख रुपये है। इस अवसर पर नेक्सा शोरूम के स्वामी जगमोहन गोयल ने आए अतिथियों बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व जीएसटी कमिश्नर सिद्धेश चंद दीक्षित तथा केनरा बैंक के रीजनल मैनेजर पी श्रीकान्त, एसबीआई बैंक के रीजनल मैनेजर सुधीर कुमार का भी बुके भेंट कर स्वागत किया गया। गाड़ी की लॉंचिंग से पहले केक काटा गया।




## मथुरा में चार दोस्तों की नहर में गिरकर मौत

मथुरा, 19 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के मगोर्रा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार के नदी में गिरने से उसमे सवार चार दोस्तों की मृत्यु हो गयी। मृतकों में दो कानून की पढ़ाई कर रहे छात्र शामिल हैं।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि हादसा बीती रात नगला दैवीय के पास उस समय हुआ जब कार सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो बैठी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार पहले सड़क किनारे बनी पानी की टंकी से टकराई और इसके बाद नहर में पलट गई।

जानकारी के अनुसार, महावन थाना क्षेत्र निवासी राहुल (23), मोहित (22), अमित और उनका एक अन्य मित्र कार से राजस्थान के डीग में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज रफ्तार और तीखा मोड़ हादसे का संभावित कारण हो सकते हैं। मृतकों में अमित और मोहित कानून के छात्र थे, जबकि राहुल सिलाई का कार्य करता था। जिस कार से दुर्घटना हुई, वह राहुल के भाई अधिवक्ता सज्जन सिंह की बताई जा रही है।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस के पहुंचने से पहले दो शवों को नहर से बाहर निकाला। बाद में पुलिस और प्रशासन ने क्रेन की सहायता से कार को बाहर निकलवाया, जिसके बाद अन्य दो शव बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक देहात सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार मोड़ पर सामने से आए वाहन को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हुई। वाहन पहले एक पानी की टंकी से टकराया और फिर नहर में पलट गया। चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। एक युवक की शिनाख्त की प्रक्रिया जारी है और मामले की विधिक जांच की जा रही है।

## कौशल विभाग से सीधी सरकारी नौकरी नहीं: कपिल देव अग्रवाल



लखनऊ, 19 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्पष्ट किया कि कौशल विकास विभाग के अंतर्गत सीधी सरकारी नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से ही होती है और यही व्यवस्था सभी शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों पर समान रूप से लागू है। मंत्री अग्रवाल ने बताया कि विभाग का मुख्य फोकस युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाना है। विभिन्न औद्योगिक संगठनों और इंडस्ट्री एसोसिएशनों के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में अवसर दिलाने की दिशा में काम किया जा रहा है। प्रशिक्षण साझेदारों को लक्ष्य दिया गया है कि कम से कम 70 प्रतिशत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार से सीधे जोड़ने के लिए प्रत्येक नोडल आईटीआई में मासिक रोजगार मेले आयोजित किए जाते हैं, जबकि प्रत्येक तीन माह पर मंडल स्तरीय रोजगार मेले आयोजित होते हैं। इसके अलावा पूरे प्रदेश में पांच बड़े रोजगार मेलों के आयोजन की भी योजना है, जिनमें प्रतिष्ठित कंपनियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें हुनरमंद बनाकर रोजगार उपलब्ध कराना है। कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को व्यापक अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# एआई मानवता के इतिहास में बदलाव की बड़ी क्रांति, भारत का 'मानव' विजन सर्वहित में : मोदी

नयी दिल्ली 19 फरवरी (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को समूची मानवता के इतिहास में बदलाव की बड़ी क्रांति और सकारात्मक शक्ति बताते हुए कहा है कि इसका सकारात्मक और जिम्मेदाराना इस्तेमाल मानवता की भलाई के लिए वरदान है लेकिन इसका दुरूपयोग विनाश का कारण बन सकता है। उन्होंने एआई के बारे में भारत का दृष्टिकोण 'मानव' भी प्रस्तुत किया जो इसके नैतिक, जवाबदेह, संप्रभु और कानूनी स्वरूप की रूपरेखा का उल्लेख करता है। उन्होंने कहा कि भारत का यह विजन 21 वीं सदी में मानवता के कल्याण की अहम कड़ी बनेगा। श्री मोदी ने गुरुवार को यहां 'इंडिया एआई इम्पैक्ट 'सम्मेलन में दुनिया भर के प्रमुख एआई विशेषज्ञों, अनेक देशों के राष्ट्रध्यक्षों , संयुक्त राष्ट्र के महासचिव और उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव इतिहास में कुछ सदी के बाद निर्णायक मोड़ आता है जो सभ्यता की दिशा तय करता है, जिससे सोचने का दृष्टिकोण बदलता है। उन्होंने कहा कि शुरू में उसके प्रभाव का अंदाजा भी नहीं होता लेकिन बाद में यही सभ्यता का आधार बनता है। उन्होंने प्राचीन इतिहास के कई पड़ावों का उदाहरण देते हुए कहा कि एआई मानवता के इतिहास में बदलाव की क्रांति है और इससे मशीनों को बुद्धिमान बनाकर मानव सामर्थ्य को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राचीन पड़ावों की बात करें तो अंतर इतना है कि इस बार बदलाव की तेजी तथा इसका पैमाना अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए हमें विजन और जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी निभानी है। उन्होंने कहा कि भारत का यह 'मानव' विजन 21 वीं सदी में मानवता के कल्याण की अहम कड़ी बनेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को एआई में भाग्य और भविष्य दिखता है।




## कराची में गैस विस्फोट से 16 लोगों की मौत

इस्लामाबाद, 19 फरवरी (वार्ता) पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में एक आवासीय इमारत में हुए गैस विस्फोट में 16 लोगों की मौत हो गयी। बचाव अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सहायक पुलिस अधीक्षक जमशेद आशेर ने मीडिया को बताया कि विस्फोट स्थानीय समयानुसार तड़के 4:15 बजे तीन मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर हुआ। विस्फोट के बाद इमारत का एक हिस्सा ढह गया, जिससे कई लोग मलबे में दब गये। सरकारी बचाव सेवा रेस्क्यू 1122 के अनुसार, घटनास्थल पर शहरी खोज एवं बचाव दल औरआपदा प्रतिक्रिया वाहन तैनात किये गये हैं तथा तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। रेस्क्यू 1122 के बयान में कहा गया है कि इमारत में छोटे-छोटे कमरे होने के कारण सीमित जगह के चलते राहत एवं बचाव कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है, जबकि बचाव दल मलबा हटाने का कार्य जारी रखे हुए हैं।

# नरेश टिकैत के तैतैया बयान पर जयंत का जवाबी डंक

## किसानों के मुद्दे को लेकर फिर दो-दो हाथ करने की तैयारी में भारतीय किसान यूनियन

मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)। केंद्र व प्रदेश सरकारों के खिलाफ मोर्चा खोले बैठी भारतीय किसान यूनियन और राष्ट्रीय लोकदल के बीच शीत युद्ध शुरू हो गया है। भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत द्वारा परोक्ष रूप से रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी पर हलवाई की दुकान का तैतैया कह कर वार किए जाने के बाद जयंत चौधरी ने एक्स पर जारी बयान में यह कहकर जवाब दिया कि उन्हें मीठा पसंद नहीं है। इस जवाब के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने गत दिवस बागपत में जयंत चौधरी को लेकर बयान दिया था। चौधरी नरेश टिकैत ने केंद्रीय राज्यमंत्री और राष्ट्रीय लोक दल अध्यक्ष जयंत चौधरी पर व्यंग्य करते हुए कहा था कि वह सरकार में हैं, इसलिए उन्हें सरकार की बात करनी पड़ती है। उन्होंने कहा था कि उनकी स्थिति 'हलवाई के ततैया' जैसी है, जो अपने हलवाई को नहीं काटता। उनका यह बयान भारत-अमेरिका समझौते के मुद्दे पर जयंत चौधरी की भूमिका को लेकर किया गया था। भाकियू अध्यक्ष का यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। नरेश टिकैत के बयान पर जयंत चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि 'जो हलवाई और ततैया का किस्सा सुना रहे हैं, उन्हें बता दूं कि मुझे मीठे का कोई शौक नहीं है।' भाकियू लंबे समय से सरकार विरोधी तेवर में है। हाल में



अमेरिका के साथ हुए आर्थिक समौते का भाकियू यह कहकर विरोध कर रही है कि इससे देश के किसानों के हितों का नुकसान होगा। दिल्ली में हुए पहले किसान आंदोलन की तर्ज पर एक बार फिर से सरकार को घेरने की तैयारी में किसान संगठन लगे हैं। इसे कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों का भी सहयोग मिल रहा है। हालांकि सरकार का कहना है कि अमेरिका के साथ हुए आर्थिक समौते से किसानों को नुकसान के बजाय लाभ होगा। अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर भारतीय किसान इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि इस समझौते के तहत अमेरिकी कृषि उत्पादों (विशेषकर मक्का, सोयाबीन, और डेयरी उत्पाद) के कम टैरिफ या जीरो ड्यूटी पर भारत आने से स्थानीय बाजार में भारी गिरावट आएगी। किसानों को लगता है कि इससे उनके उत्पादन की लागत भी नहीं निकलेगी और आजीविका खतरे में पड़ जाएगी। किसान संगठनों का मानना है कि सब्सिडी वाले अमेरिकी उत्पादों के आने से देश में कपास, सोयाबीन, मक्का और दालों की कीमतें गिरेंगी। अमेरिकी डेयरी उत्पादों को टैरिफ-फ्री (बिना शुल्क) या कम दरों पर आने से भारत के डेयरी सेक्टर पर बुरा असर पड़ने की आशंका है। किसानों का कहना है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार से बहुत सस्ता माल आएगा, तो सरकार के लिए घरेलू किसानों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) सुनिश्चित करना मुश्किल हो जाएगा। इसके अलावा अमेरिकी मक्का जैसे उत्पादों के आने से देश की कृषि जैव विविधता और बीजों की शुद्धता के लिए खतरा माना जा रहा है। किसान संगठनों ने डील की शर्तें सार्वजनिक न करने पर नाराजगी जताई है और इसे "किसान विरोधी" करार दिया है। भाकियू अध्यक्ष के साथ प्रवक्ता राकेश टिकैत भी इस समौते को लेकर मुखर हैं। हालांकि राजनीतिक पंडितों का मानना है कि यह सब आने वाले यूपी विधानसभा तथा जल्द होने वाले अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों को लेकर है। भाकियू जयंत चौधरी के भाजपानीत सरकार के साथ जुड़ने के बाद से ही विरोधी तेवर में है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में दूसरे दिन भी 359 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

## सघन जांच पड़ताल के बाद परीक्षा केंद्रों पर दिया गया प्रवेश

मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)। माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की बुधवार को शुरू हुई परीक्षा के दूसरे दिन भी हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षाएं जनपद में 72 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों एवं पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुईं। दूसरे दिन हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के चेहरे खुश ही दिखाई दिए। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों की भारी भीड़ देखने को मिली। दूसरे दिन हाईस्कूल प्रथम पाली में कुल पंजीकृत 1224 परीक्षार्थियों में से 1197 ने परीक्षा दी और किन्हीं कारणों से 27 परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ गए। वहीं इंटरमीडिएट की प्रथम पाली की परीक्षा में पंजीकृत कुल 491 परीक्षार्थियों में से 15 परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर नहीं पहुंच पाए।

माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड परीक्षा के आगाज के साथ जनपद में बनाए 72 परीक्षा केंद्रों पर दूसरे दिन भी छात्र-छात्राएं अपने निर्धारित समय से पूर्व ही पहुंचे। इस दौरान कई परीक्षार्थी अपने परिजनों के साथ केंद्रों पर पहुंचे। क्षमता से अधिक क्षेत्र में वाहनों की संख्या के चलते शहर के प्रमुख चौराहों और संपर्क मार्गों पर वाहनों से यातायात भी बाधित रहा। इस दौरान परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों की गहनता के साथ तलाशी लेने के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिलाया गया। डीआईओएस राजेश श्रीवास ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की दोनों पाली की परीक्षाएं निर्विघ्न रूप से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि जनपद के 72 परीक्षा केंद्रों पर 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारम्भ होकर 12 मार्च तक संचालित होंगी। दो पालियों में आयोजित परीक्षा में जनपद में इस वर्ष कुल 56,163 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इनमें 29,128 छात्र एवं 27,035 छात्राएं शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। केंद्रों के प्रवेश द्वार पर सघन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। नकल-विहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से तमाम प्रशासनिक अधिकारी इन केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।





## अविमुक्तेश्वरानंद बोले- डिप्टी सीएम पाप धोने-पोंछने का काम कर रहे

वाराणसी 19 फरवरी (एजेंसी)। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने वाराणसी में कहा कि 11 मार्च को संत समाज लखनऊ में जुटेगा। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सीएम योगी पर हमलावर हैं। उन्होंने गुरुवार को वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव मौर्य भाजपा को हो रही क्षति को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ये मठाधीश महाराज हठ पर उतारू हैं। कालनेमि कौन है? इसका स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। ये असली हिंदू हैं या फिर छल, वेशधारी और ढोंगी आचरण के हैं। अविमुक्तेश्वरानंद ने संत समाज को अल्टीमेटम दिया। कहा- 10 दिन में बताएं कि आप किसके साथ हैं। जो उनके पक्ष में होगा, उसके साथ भी सीएम जैसा व्यवहार किया जाएगा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के 101 बटुकों की पूजा करने पर अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- उन्होंने ऐसा कर अपनी भावना दिखाई है। उन्होंने यह बताया कि मेरे मुख्यमंत्री, आपने जो किया वह पाप था, जिसे मैं धोने-पोंछने का प्रयास कर रहा हूं। अगर यह सब राजनीति के तहत नहीं होता, तो जिस बटुक की चोटी खींची गई थी, उसे बुलाकर पूजन करते? डिप्टी सीएम पाठक के बयान (बटुकों को पीटने पर महापाप लगेगा) पर भी अविमुक्तेश्वरानंद ने जवाब दिया।

## शामली में दुकान अवैध कब्जे के मामले में सपा नेता गिरफ्तार

शामली, 19 फरवरी (बु.)। दुकान पर अवैध कब्जे के मामले में पुलिस ने समाजवादी पार्टी से जुड़े एक नेता और नगर पालिका सभासद पति को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। यह मामला शामली जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित दिल्ली रोड की तैमूर शाह कॉलोनी का है। हाजी यूसुफ के बेटे इरफान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र दिया था। इरफान ने बताया था कि तैमूर शाह कॉलोनी में उसकी एक दुकान है, जिसे वह अपने भतीजे हारून को सौंपकर दिल्ली काम के लिए चले गए थे। इरफान के अनुसार, आरोपी कालू कुरैशी और हाफिज साजिद ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर हारून को पूरी रात बंधक बनाकर रखा। इसके बाद अखलाक (कालू कसाई) पुत्र लतीफ, हाफिज साजिद पुत्र रफी और एक अन्य व्यक्ति ने मिलकर दुकान को खाली कराया और उस पर कब्जा कर लिया। पीड़ित हारून और उसके चाचा इरफान की तहरीर पर पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी कालू कुरैशी, जो नगर पालिका सभासद पति हैं, को गिरफ्तार कर लिया है। हाफिज साजिद और अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। जानकारी के अनुसार, कालू कुरैशी समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं और कई बार नगर पालिका सभासद का चुनाव लड़ चुके हैं।

## डंपर चालक ने दरोगा को कुचलने का किया प्रयास

शामली, 19 फरवरी (बु.)। थाना क्षेत्र की बिडौली चौकी पर बुधवार रात वाहन चेकिंग के दौरान एक डंपर चालक ने चौकी प्रभारी को कुचलने का प्रयास किया। घटना के बाद आरोपी चालक बैरियर तोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना 18 फरवरी को रात करीब 8:10 बजे हुई। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह अपने सहयोगी उपनिरीक्षक संजीव कुमार और कांस्टेबल अंकित कुमार के साथ बिडौली चौकी पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान करनाल की ओर से आ रहे एक डंपर को पुलिस टीम ने टॉर्च की रोशनी से रुकने का इशारा किया। आरोप है कि चालक ने पहले वाहन को पुलिस के पास लाकर धीमा किया। जब चौकी प्रभारी ने ट्रक के सामने खड़े होकर उसे रोकने का संकेत दिया, तो चालक ने अचानक गति बढ़ा दी। उसने लापरवाही से वाहन चलाते हुए दरोगा को कुचलने का प्रयास किया। दरोगा ने सड़क किनारे कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद चालक ने चौकी पर लगा बैरियर तोड़ दिया और म्याना कला बिडौली की ओर फरार हो गया।

## मेरठ पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत, नेताओं की नो एंट्री

मेरठ, 19 फरवरी (एजेंसी)। आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार रात मेरठ पहुंच गए। लखनऊ से वंदे भारत ट्रेन से कड़ी सुरक्षा के बीच सरसंघचालक मेरठ सिटी रेलवे स्टेशन पर उतरे। संघ के स्वयंसेवकों ने स्टेशन पर सरसंघचालक की अगवानी की। इसके बाद जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त मोहन भागवत का काफिला शताब्दीनगर स्थित माधवकुंज पहुंचा। माधवकुंज में ही रात्रि विश्राम तय है। शुक्रवार को सरसंघचालक मेरठ व ब्रज प्रांत की खिलाड़ी संवाद गोष्ठी में भाग लेंगे और उनके प्रश्नों के उत्तर देंगे। मेरठ में दो दिवसीय प्रवास में नेताओं को मोहन भागवत से दूर रखा जाएगा। नेताओं को उनके कार्यक्रम में आने की अनुमति नहीं होगी। कार्यक्रम स्थल पर वाटर प्रूफ जर्मन हैंगर लगाया गया है। दो दिवसीय कार्यक्रम को 30 विभिन्न व्यवस्थाओं में बांटा गया है। इन व्यवस्थाओं में स्वयंसेवकों को लगाया गया है। सुरेश रैना समेत 28 जिलों के खिलाड़ी आएंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। बृहस्पतिवार रात मेरठ सिटी स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन से मोहन भागवत के उतरते समय भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।



## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 'घूसखोर पंडत' नाम हटाया गया

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसी)। मनोज बाजपेयी की फिल्म घूसखोर पंडत का नाम बदल दिया गया है। फिल्ममेकर नीरज पांडेय ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दाखिल करके इसकी जानकारी दी। जिसमें बताया गया कि फिल्म का विवादित टाइटल हटा दिया गया है। अब इसका कहीं इस्तेमाल नहीं होगा। नया नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन जो भी रखा जाएगा, वह पुराने नाम जैसा या उससे मिलता-जुलता नहीं होगा। नीरज पांडेय ने कोर्ट में बताया कि नया नाम फिल्म की कहानी और उद्देश्य को सही ढंग से दिखाएगा और कोई गलत मतलब नहीं निकलेगा। इसके अलावा पुराने नाम से जुड़े सभी पोस्टर, ट्रेलर और प्रचार सामग्री भी पहले ही हटा दी गई है। दरअसल 12 फरवरी को पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने फिल्ममेकर और ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को फिल्म का नाम बदलने का आदेश दिया था।

## खतौली में दो अलग-अलग घटनाओं में वृद्ध महिलाएं गंभीर रूप से घायल

खतौली, 19 फरवरी (बु.)। तेज वाहनों की चपेट में आकर नगर क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर दो वृद्ध महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला काजियान निवासी मोबीना पत्नी शरीफ किसी कार्य से जीटी रोड स्थित घंटाघर जा रही थी। बताया जाता है कि इस दौरान एक जीटी रोड स्थित एक नर्सिंग होम के सामने तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने महिला को टक्कर मार दी जिससे महिला का एक पैर बुरी तरह से कुचल गया। नगर के बीच हुई इस दुर्घटना से मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी तथा घायल को तत्काल अस्पताल भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष के परिजनों द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की गुहार की है। वहीं घायल को उपचार हेतु दिल्ली के लिए रैफर कर दिया गया। दूसरी ओर नगर क्षेत्र के बुढ़ाना रोड पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक सत्तर वर्शीय महिला गंभीर घायल हो गयी। घायल को राहगीरों द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराया गया। महिला की पहचान सरोज पत्नी जगदीश निवासी सैनी नगर, खतौली के रूप में हुई। महिला की हालत गंभीर होने पर घायल को हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। परिजनों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस वाहन की तलाश में जुट गयी है।

## लूट के आरोपी को सजा के साथ आरोपी पर छह हजार रुपए का अर्थदंड

मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)। कोर्ट ने लूट के आरोपी को सजा के साथ आरोपी पर छह हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार वर्ष 2004 थाना सिविल लाइन पुलिस ने लुटेरे विकास निवासी सिसौना छपार को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उससे लूट का सामान भी बरामद किया था। इस मामले की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या 4 में हुई। कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी 3 वर्ष 11 माह 10 दिन का कारावास व छह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।



# गांव तिसंग में खाद्य विभाग की छापेमारी, हड़कंप

## वनस्पति, मावा, दूध व मिल्क पाउडर के 4 नमूने किए सीज

मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश के आदेश पर होली पर्व अभियान के क्रम में गुरूवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त खाद्य अर्चना धीरान के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए गांव तिसंग, तहसील जानसठ में मावा भट्ठियों पर छापा मारा। स्थानीय पुलिस बल के साथ की गई उक्त छापामारी के दौरान एक विधिक नमूना खाद्य पदार्थ मावा, एक नमूना वनस्पति घी/तेल का एक नमूना मिश्रित दूध, व एक नमूना स्किम्ड मिल्क पाउडर के संग्रहित किए गए। खाद्य विभाग की टीम ने इस प्रकार कुल 4 विधिक नमूने संग्रहीत किए। खाद्य विभाग की छापेमारी के दौरान 10 किग्रा वनस्पति घी/तेल सीज किया, जिसका मूल्य दो हजार रुपए, 70 किग्रा स्किम्ड मिल्क पाउडर सीज किया जिसका मूल्य 30,800 रुपए है। इसके साथ ही अस्वस्थकर परिस्थितियों में भंडारित होने के कारण कुल 100 किग्रा मावा जिसका मूल्य रुपए 22,500 रुपए है को नियमानुसार जनहित में विनष्ट कराया गया। अभियान टीम में मुख्य रूप से खाद्य सुरक्षा अधिकारी पूनम कुमारी एवं डॉ. विशाल चौधरी उपस्थित रहे।





## शराब जलाते समय झुलसे चौकीदार की मौत

शामली, 19 फरवरी (बु.)। झिंझाना कोतवाली परिसर में शराब विनष्टीकरण के दौरान झुलसे चौकीदार नवाब (45) की दिल्ली में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। उनकी मौत से परिजनों में शोक का माहौल है। इस घटना में दो पुलिसकर्मी, एक जेसीबी मशीन चालक और चौकीदार नवाब झुलस गए थे, जिनमें नवाब की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें दिल्ली रेफर किया गया था। जहां बुधवार की देर रात इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। यह घटना शनिवार को हुई थी, जब कोतवाली में विभिन्न 59 मामलों में जब्त की गई अवैध शराब का न्यायालय के आदेश पर विनष्टीकरण किया जा रहा था। इसी दौरान आग लगने से दो पुलिसकर्मी, जोनी कुमार और ललित, जेसीबी मशीन चालक सुनील कुमार (निवासी लक्ष्मणपुर) और चौकीदार नवाब (निवासी तिसंग) झुलस गए थे।

## सुप्रीम कोर्ट 5 मई से सीएए मामले में अंतिम सुनवाई करेगा

नई दिल्ली19 फरवरी (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 200 से ज्यादा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई 5 मई से शुरू होगी। बेंच ने कहा कि याचिकाकताओं को अपनी दलील रखने के लिए डेढ़ दिन और केंद्र सरकार को एक दिन का समय दिया जाएगा। अदालत ने बताया कि सुनवाई 12 मई तक पूरी कर ली जाएगी। सीएए के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के प्रवासियों को नागरिकता देने का प्रावधान है।

# शंकराचार्य विवाद- डिप्टी सीएम ने बटुकों की पूजा की

लखनऊ, 19 फरवरी (एजेंसी)। शंकराचार्य विवाद के बीच डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने ब्राह्मण बटुकों की पूजा की। उन्होंने गुरुवार सुबह लखनऊ आवास में 101 बटुकों को आमंत्रित किया। पत्नी नम्रता पाठक के साथ सभी बटुकों का तिलक लगाया। हाथ जोड़कर प्रणाम किया। फूल बरसाए। इस दौरान बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। पूजा के बाद डिप्टी सीएम ने पर लिखा- बटुकों का सम्मान, हमारा सौभाग्य। दरअसल, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या में प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्य को पुलिस ने चोटी पकड़कर घसीटा और पिटाई की थी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक एक महीने तक पूरे मामले में चुप रहे। 2 दिन पहले पहली बार उन्होंने एक मीडिया इवेंट में पूरे विवाद पर कहा था, ह्यचोटी नहीं खींचनी चाहिए थी। जो भी दोषी है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। चोटी खींचना महाअपराध है। देखिएगा महापाप लगेगा। हालांकि, उन्होंने शंकराचार्य का नाम नहीं लिया था। ऐसे में डिप्टी सीएम का यह कदम ब्राह्मणों की नाराजगी के बीच डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।



## ब्रिटेन में किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू एपस्टीन मामले में गिरफ्तार

लंदन, 19 फरवरी (एजेंसी)। ब्रिटेन में किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें सार्वजनिक पद पर रहते हुए गलत बर्ताव के शक में पकड़ा गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने उन्हें गुरुवार सुबह करीब 8 बजे सैंड्रिंघम में उनके घर से हिरासत में लिया। बता दें कि एंड्रयू का आज ही जन्मदिन है। दरअसल, एपस्टीन मामले में पीड़िता रही वर्जीनिया गिफ्रे ने आरोप लगाया था कि 2001 में जब वह 17 साल की थी तब प्रिंस एंड्रयू ने उनका यौन शोषण किया था। हालांकि, एंड्रयू ने ग्रिफे के सभी आरोपों को खारिज किया था। गिफ्रे की अप्रैल 2025 में मौत हो गई थी। इसकी वजह आत्महत्या बताई गई थी।

### शेष समाचार : बहू ने शारीरिक सम्बंध नहीं बनाए तो ...

ही नहीं रही थी। बहू धमकी भी देती थी कि अगर आपने मुझे परेशान किया, तो मैं सब लोगों को बता दूंगी। इसके बाद एक दिन मैंने बहू से पूछा कि क्या शादी से पहले तुम किसी लड़के के साथ रिलेशन में थी? पहले तो बहू ने कुछ नहीं बताया। फिर मेरे बहलाने-फुसलाने पर उसने बताया कि उसका एक बॉयफ्रेंड जावेद (27) था। लेकिन, शादी के बाद से उससे बात नहीं करती है। अब्बास ने बताया- जब मुशकरा ने मुझे जावेद के बारे में बताया, तो मैंने जावेद का पता ढूंढा। जल्द ही मुझे पता चला कि जावेद कैराना का ही रहने वाला है। इसके बाद मैंने जावेद से दोस्ती की, उसे घर बुलाने लगा। धीरे-धीरे जावेद और मुशकरा फिर से करीब आने लगे। अब्बास ने बताया- यह सब कई दिनों तक चलता रहा। 11 फरवरी को दिन में जावेद मेरी बहू से मिलकर गया था। इसके बाद मैं रात होने का इंतजार करता रहा। खाना-पीना खाकर मुशकरा अपने कमरे में सोने चली गई। देर रात मैंने चुपके से दरवाजे के ऊपर बने झरोखे से एक लकड़ी की मदद से मुशकरा के कमरे का दरवाजा खोला। फिर मैं कमरे के अंदर चला गया। जैसे ही मैं मुशकरा के पास गया, उसकी नींद खुल गई। जबरदस्ती करने पर मुशकरा ने मुझे धक्का दे दिया। इससे मैं पलंग से नीचे गिर गया। इस पर मुझे गुस्सा आ गया और मैंने मुशकरा का गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद मैं कमरे से बाहर आ गया। जैसे दरवाजा खोला था, वैसे ही डंडे से बंद भी कर दिया। इसके बाद मैंने अपने बेटे सलमान को पूरी बात बताई। फिर मैंने पुलिस को झूठी सूचना दी कि बहू ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस 12 फरवरी को सुबह जब मेरे घर पहुंची, तो उसे दरवाजा अंदर से बंद मिला। पुलिस को मुझ पर कोई शक नहीं हुआ। लेकिन, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गले पर दबाने के निशान मिले। इसके बाद पुलिस ने मुझसे पूछताछ की। जावेद ने पुलिस को बताया कि एक दिन अब्बास मेरे पास आया। कहा कि मैंने तुम्हारा काम किया है, तुमको फिर से मुशकरा से मिलवाया। अब तुम भी एक बार मुशकरा के साथ मेरा संबंध बनवा दो। लेकिन मैंने ऐसा करने से मना कर दिया। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि जांच और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर हत्या की पुष्टि हुई। मामले में महिला के पति और ससुर को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। मामले में अन्य साक्ष्यों को भी जोड़ा जा रहा है।